# यूपीईएस के पूर्व छात्र नमन बने 'टाईकोन'

## प्रतिभागी शुभम राणा और सिद्धार्थ जेना फर्स्ट रनर-अप

**DEHRADUN (18 March):** यूपीईएस यूनिवर्सिटी में आयोजित टाईकोन देहरादून 2024 की मेजबानी की. इस टेक्निकल कॉम्पिटीशन में ये खिताब यूपीईएस के पूर्व छात्र नमन गांधी ने जीता. ये कॉम्पिटीशन उद्यमियों, विचारकों और नवाचार करने वाले यूथ्स के लिए रखी गई. इंस्पायर, इनोवेट एंड इम्पेक्ट विषय पर आयोजित टेकयोन आटोमोटिव के फाउंडर नमन गांधी के विचार निर्णायक मंडल को सबसे ज्यादा प्रेरित करने वाले लगे. उन्हें विजेता बनाया गया. यूपीईएस के पूर्व छात्र नमन गांधी का स्टार्टअप टेकयोन चार्जिंग दक्षता प्राप्त ईवी वाहन का डिजाइन व निर्माण इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) तकनीक में क्रांति ला रहा है. इसके अलावा प्रतिभागी शुभम राणा और सिद्धार्थ जेना को उनके स्टार्टअप बीरेडी हार्वेस्टर्स एलएलपी और आकाशलब्धि प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रथम रनरअप ट्रॉफी से सम्मानित किया गया. बीरेडी हार्वेस्टर्स मधुमक्खी आवासों को संरक्षित करने का एक नया तरीका है. आकाशलब्धि अंतरिक्ष संरचनात्मक डिजाइन में स्पेशलिस्ट वाली एक मॉडर्न कंपनी है, जो आईआई रुड़की कैंपस में स्थित है.